Best Start Best Life

KINDERGARTEN Victorian Government Approved

# परिवारों के लिए सलाह: सत्रीय(सेशनल) सेवाओं में Free Kinder

## Free Kinder (नि:शुल्क किंडर) में भाग लेने वाली सेवाओं में वित्त पोषित किंडरगार्टन कार्यक्रमों में नामांकित सभी बच्चों के लिए Free Kinder उपलब्ध है।

### परिवारों के लिए बचत

सत्रीय किंडरगार्टन सेवाओं में नामांकित बच्चों को एक नि:शुल्क कार्यक्रम प्राप्त होता है।

- 3 साल के बच्चों के लिए, Free Kinder का मतलब प्रति सप्ताह 5 से 15 घंटे (प्रति वर्ष 200-600 घंटे) के बीच एक नि:शुल्क किंडरगार्टन कार्यक्रम है।
- 4 साल के बच्चों के लिए, Free Kinder का मतलब प्रति सप्ताह 15 घंटे (प्रति वर्ष 600 घंटे) का नि:शुल्क किंडरगार्टन कार्यक्रम है।






### पात्रता

Free Kinder हर किसी के लिए है। Free Kinder का उपयोग करने का पात्र होने के लिए आपको ऑस्ट्रेलियाई नागरिक होने की आवश्यकता नहीं है।

आपका बच्चा तीन-वर्षीय किंडरगार्टन(Three-Year-Old Kindergarten) कार्यक्रम में एक वर्ष और चार-वर्षीय किंडरगार्टन (Four -Year-Old Kindergarten)कार्यक्रम में एक वर्ष का Free Kinder प्राप्त कर सकता है। आपका बच्चा एक समय में केवल एक ही सेवा में Free Kinder प्राप्त कर सकता है। आपकी किंडरगार्टन सेवा आपको यह पुष्टि करने के लिए एक फॉर्म पर हस्ताक्षर करने के लिए कहेगी कि आपका बच्चा उनकी सेवा में वित्त पोषित किंडरगार्टन कार्यक्रम प्राप्त कर रहा है।

### सत्रीय किंडरगार्टन सेवाएँ जो प्रत्येक सप्ताह 15 घंटे से अधिक की पेशकश करती हैं

Free Kinder में भाग लेने वाली कुछ सत्रीय किंडरगार्टन सेवाएँ अतिरिक्त किंडरगार्टन घंटे या शुल्क सहित देखभाल के घंटे प्रदान करती हैं। ये अतिरिक्त घंटे वैकल्पिक हैं। यदि आप अतिरिक्त घंटे नहीं चाहते हैं, तो आपका बच्चा 15 घंटे के कार्यक्रम में नि:शुल्क भाग ले सकता है।

प्रदान की गई फ़ीस या घंटों की जानकारी के लिए कृपया अपनी किंडरगार्टन सेवा से पूछें।



THE EDUCATION STATE
VICTORIA State Government
Department of Education

Best Start Best Life

KINDERGARTEN Victorian Government Approved

## अन्य स्वीकार्य ख़र्चे

आपसे निम्नलिखित शुल्क लिया जा सकता है:

- एक पंजीकरण शुल्क,जब आप अपने बच्चे को किंडरगार्टन के लिए नामांकित करते हैं। यह शुल्क स्वीकार्य है क्योंकि यह किंडरगार्टन कार्यक्रम प्रदान करने से संबंधित नहीं है।
- एक नामांकन जमा राशि, लेकिन यदि आपका बच्चा सेवा में भाग लेना शुरू कर देता है तो इसे वापस कर दिया जाता है।
- एकमुश्त भ्रमण की लागत (जैसे प्रवेश और परिवहन लागत)।

शरणार्थी पृष्ठभूमि के बच्चे, बाल संरक्षण के तहत जाने वाले बच्चे, एबोरिजनल बच्चे और Commonwealth रियायत( कन्सेशन) कार्ड रखने वाले लोगों से भ्रमण के लिए शुल्क नहीं लिया जाएगा।

कुछ सेवाएँ वर्ष की शुरुआत में भ्रमण के लिए भुगतान का अनुरोध कर सकती हैं। इन मामलों में, सेवाओं को किसी भी अधिशेष धनराशि को वापस करना चाहिए जिसका उपयोग वर्ष के अंत में भ्रमण की लागत वसूली के लिए नहीं किया गया है।

आपकी सेवा आपसे स्वैच्छिक दान या धन उगाहने( फंड रेज़िंग) में भाग लेने के लिए कह सकती है। आप चुन सकते हैं कि आप दान देना चाहते हैं या धन उगाहने में भाग लेना चाहते हैं।

आपसे शुल्क नहीं लिया जाएगा:

- विद्यालय में ही किसी कार्यक्रम के आयोजन में जाना या नियमित भ्रमण के लिए जाने पर (उदाहरण के लिए, बुश किंडर (Bush Kinder), साप्ताहिक संगीत सत्र) जो किंडरगार्टन कार्यक्रम का मुख्य हिस्सा हैं।
- अपनी जेब से अनिवार्य शुल्क या लेवी, जैसे, रखरखाव शुल्क, सदस्यता शुल्क।

## यदि आपका बच्चा वर्ष के दौरान किंडरगार्टन सेवाओं को बदलता है

यदि आपका बच्चा किंडरगार्टन वर्ष के दौरान Free Kinder में भाग लेने वाली एक अलग सत्रीय (स्व-निहित(स्टैंडअलोन) सेवा में चला जाता है, तो जिस सेवा से आप जा रहे हैं वह Free Kinder भुगतान प्राप्त करना बंद कर देगी और आपकी नई सत्रीय सेवा को Free Kinder फंडिंग प्राप्त होगी ताकि आप नि:शुल्क कार्यक्रम प्राप्त करना जारी रख सकें।

यदि आपका बच्चा अपने किंडरगार्टन वर्ष के दौरान एक सत्रीय किंडरगार्टन कार्यक्रम से एक लंबे दिन की देखभाल सेवा में किंडरगार्टन कार्यक्रम में चला जाता है, तो सेवा को Free Kinder भुगतान प्राप्त होना बंद हो जाएगा और आपकी नई सेवा को Free Kinder फंडिंग प्राप्त होगी ताकि वे इस बचत को आगे आपको दे सकें।

लंबे दिन की देखभाल सेवाओं में Free Kinder के बारे में अधिक जानकारी **vic.gov.au/kinder** पर उपलब्ध है





THE EDUCATION STATE

VICTORIA State Government | Department of Education